

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | मंगलवार, 03 मार्च 2026 | वर्ष: 03, अंक: 353 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# भारत-कनाडा के बीच व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

## वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है

**नई दिल्ली/एजेंसी**

भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है।

वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते।

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत-कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा।





### भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा

साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा। विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा।

### पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी

पहला, सीईपीए के लॉन्च के जरिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है। कुमारन ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री के बीच इजराइल-ईरान संकट पर चर्चा हुई। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर गहरी चिंता जताई तथा सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संवाद और कूटनीति से समाधान पर जोर दिया गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले।

## भारत के युवा जब कुछ ठान लेते हैं, तो उसे पूरा करते हैं: मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं की क्षमता और आत्मविश्वास की शक्ति को रेखांकित करते हुए एक प्रेरणादायक संस्कृत सुभाषित साझा किया है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति जब कुछ ठान लेती है, तो उसे पूरा करके ही दम लेती है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारतवर्ष की युवाशक्ति का दृढ़ संकल्प अतुलनीय है। हमारे युवा साथी जो ठान लेते हैं, वो करके दिखाते हैं। यही वजह है कि आज हमारा देश अपने सपनों को साकार कर रहा है। उन्होंने अपने संदेश में संस्कृत श्लोक भी साझा किया- "न वा उ मां वृजने वारयन्ते न पर्वतासो यदहं मनस्ये। मम स्वनात् कृधुकर्णो भयात एवेदनु द्यून्किरणः समेजात।।"

इसका अर्थ है कि आत्मविश्वास की शक्ति गहन होती है और इसे कोई भी कुचल नहीं सकता। बड़े पहाड़ के आकार की बड़ी बाधाएं भी आपके मार्ग में बाधा नहीं डाल सकतीं। आप सूर्य से भी अधिक शक्तिशाली हैं बशर्ते आपके पास इच्छा शक्ति हो।



### आर्थिक भागीदारी समझौता भी जल्द पूरा करने पर सहमति जतायी

भारत और कनाडा 2030 तक अपना व्यापार 50 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता भी जल्द ही पूरा करने पर सहमति जतायी है। दोनों देशों के बीच सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति का ऐतिहासिक सौदा हुआ है।

देश में भारत-कनाडा पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में मेहमान नेता की दोनों देशों के संबंधों को गति देने के लिए सराहना की।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में वरिष्ठ नेताओं ने विकास, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी जनभागीदारी देखने को मिली। वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए विकास, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन पर पार्टी के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से पेश किया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मालदा के इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के इस्लामपुर कोर्ट मैदान में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद इस्लामपुर ह्लईश्वरपुरह्व में परिवर्तित होगा, जो सांस्कृतिक गौरव और विकास का प्रतीक बनेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार महिलाओं को घरों तक सीमित रखना चाहती है, जबकि बंगाल की महिलाएं राष्ट्र का नेतृत्व करने की क्षमता रखती हैं। नवीन ने तुष्टिकरण की राजनीति और अवैध घुसपैठ को बंगाल की सामाजिक एवं आर्थिक संरचना के लिए खतरा बताया।






# ब्रह्मलीन महंत नरेश गिरि महाराज जैसे संत भक्तों के दिलों में हमेशा जीवित रहते हैं: स्वामी नरेंदानंद

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज / नोएडा।** याकूबपुर - इलाहाबास स्थित धूनी वाले बाबा का प्राचीन मंदिर में सोमवार को ब्रहमलीन महंत नरेश गिरि महाराज की श्रद्धांजलि सभा व षोडशी भंडारा हुआ। उनकी स्मृति में आयोजित श्रीराम कथा की पूणार्हुति हुई जिसमें कथा व्यास ने नितिन आचार्य गोवर्धन ने सात दिन तक राम नाम की अमृत वर्षा की। श्रद्धांजलि सभा में उर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज श्री आदि जगरूगुरू शंकराचार्य महासंस्थान सुमेरूपीठ वाराणसी मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने किया।संचालन दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज ने किया।

उर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि ब्रहमलीन महंत नरेश गिरि महाराज जैसे संतों तो अपने भक्तों के दिलों में हमेशा जीवित रहते हैं। महंत नरेश गिरि महाराज ने सनातन धर्म, समाज और देश की जो सेवा की, उसने उन्हें अमर बना दिया है। श्रीमहंत नारायण



गिरि महाराज ने कहा कि समाज व देश को सही दिशा व दशा देने के लिए आज महंत नरेश गिरि महाराज जैसे संतों की ही आवश्यकता है। उन्होंने जो रास्ता दिखाया, महंत भगवान गिरि महाराज उस पर चलते हुए सनातन धर्म को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज ने कहा कि ब्रहमलीन महंत नरेश गिरि महाराज का पूरा जीवन सनातन धर्म, समाज व देश की सेवा के लिए समर्पित रहा। उर्ध्वाम्नाय श्री काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती महाराज, सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, जूना अखाडा के मंत्री व दिल्ली संत महामंडल के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरि महाराज, कोषाध्यक्ष महंत धीरेंद्र पुरी महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. महेश दास वशिष्ठ, महामंडलेश्वर जलेश्वरानंद गिरि महाराज, जूना अखाडे के मंत्री महंत गिरिशानंद गिरि महाराज आदि ने महंत भगवान गिरि महाराज को चादर ओढाकर मंदिर का विधिवत रूप से मंहत नियुक्त किया। भंडारे में देश भर से आए संतों व हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा महंत किशन गिरि महाराज की देख-रेख में हुआ।

थानापति नारायण गिरि महाराज, महंत अतुल गिरि महाराज, अष्टकौशल महंत त्रिवेणी गिरि महाराज, श्रीमहंत सोम गिरि महाराज, महंत आनंदेश्वरानंद गिरि महाराज, महंत शुक्र पुरी महाराज, महंत जमुना गिरि महाराज, महंत पवन गिरि महाराज, श्रीमहंत कन्हैया गिरि महाराज, महंत विजय गिरि, थानापति दिवाकर पुरी महंत कमल गिरि महाराज आदि भी मौजूद रहे।

## डीएम एसएसपी ने मंदिरों,धार्मिक स्थलों, कंट्रोल रूम व पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर लिया व्यवस्था का जायजा





**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर ।** सोमवार को होली पर्व के दृष्टिगत शांति/कानून-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पचौता में लाला जय सिंह मंदिर, बाबा देवी दास मंदिर, गद्दी बाबा मंदिर, बाबले बाबा का मंदिर, कंट्रोल रूम व पार्किंग स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## डीएम एसएसपी द्वारा होलिका दहन स्थलो का निरीक्षण कर दिया निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर ।** होली पर्व के दृष्टिगत शांति/कानून-व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत निर्धारित होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा होलिका समिति के पदाधिकारियों/सदस्यों से वार्ता कर व्यवस्थित तरीके से होलिका दहन के निर्देश दिए गए।

## सराय अकिल पुलिस ने मोबाइल चोरी के 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** तीन दिन पहले थाना सराय अकिल पर वादी सुनील कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम खोंपा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी थी कि मैं दिनांक 27.02.2026 शाम को काम करके अपने गांव जा रहा था तभी खोंपा मोड़ के पास मोटरसाईकिल सबार 02 अज्ञात व्यक्ति मेरा मोबाइल छीन कर भाग गये ।

सीसीटीवी/सर्विलांस की मदद से घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान सोमवार को थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सटीक सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 वांछित अभियुक्त 1. सोनू पुत्र जगन्नाथ 2. रितेश उर्फ कुल्ली पुत्र विनोद निवासीगण मेडुवा सलेमपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 मोबाइल फोन व 01 चार्जर बरामद किया गया।

## अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।**पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में सोमवार को जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर सघन चेकिंग एवं दबिश की कार्यवाही की गयी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर चेकिंग की गयी । कार्यवाही के दौरान कुल 05 नफर अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 57 ली0 अवैध देशी शराब व 20 अदद विन्डीज लाईम देशी शराब (कुल मात्रा 4000 एम0एल0) बरामद की गयी एवं लगभग 1.25 कुंतल लहन नष्ट कराया गया । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## होली त्यौहार को लेकर सीओ और थाना प्रभारी ने किया पैदल भ्रमण





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी कौशांबी जेपी पांडेय द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत थाना पश्चिम शरीरा व थाना महेवाघाट क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन के प्रबंध एवं संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि होलिका दहन कार्यक्रम सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा सतत भ्रमणशील रहकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा हरीश तिवारी, थानाध्यक्ष महेवाघाट धीरेंद्र सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहें।

## महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन व सशक्तिकरण हेतु जनपद में "बहु-बेटी सम्मेलन"किया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, स्वावलंबन ,दहेज मृत्यु एवं अपहरण जैसी गंभीर घटनाओं को कम करने व अधिकारों के सम्बन्ध में शक्ति दीदियों, ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं से समन्वय स्थापित कर गांव व स्कूलों में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं, किशोरियों एवं परिवारों को कानूनी अधिकारों, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी । साथ ही स्कूलों एवं कॉलेजों में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को अपराध के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया । महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही इन सामाजिक अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस आयोजन से महिला सशक्तिकरण को मिल रही नई गति ।

## एसपी व एएसपी ने कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर महेंद्र पाल सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत होली के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृड बनाये रखने हेतु मय पुलिस बल के पैदल मार्च कर जनमानस में सुरक्षा का भरोसा दिलाया।
इस मौके पर सीओ , प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रवण कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# अजय राय से डरी है वर्तमान भाजपा सरकार प्ल गौरव पाण्डेय

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** फतेहपुर में विगत दिनों इछड कार्य में लगे शिक्षामित्र अखिलेश कुमार सविता द्वारा इछड कार्य की अधिक दबाव के कारण उनके आत्महत्या की खबर दुखद है इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी का फतेहपुर में पीड़ित परिजनों से मिलने का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ था लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार हमारे प्रदेश अध्यक्ष से डरी हुई है उन्हें कल शाम लखनऊ में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया ! उनके निर्देशानुसार एक प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना



व्यक्त की! इस दौरान कौशाम्बी कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश भर में अत्यधिक कार्यों के दबाव के चलते कई बीएलओ ने आत्महत्या कर लिया हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी ने सबके परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की लेकिन यह भाजपा सरकार इतना डरी हुई है कि अब हमारे नेताओं को भी उनके शोकाकुल परिजनों से मिलने भी नहीं देती है उन्हें हाउस अरेस्ट कर लेती है यह उचित नहीं नहीं है कांग्रेस पार्टी हमेशा पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी थी और हमेशा खड़ी रहेगी।

इस दौरान प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ,जिलाध्यक्ष फतेहपुर महेश द्विवेदी ,एवं जिलाध्यक्ष गंगापार प्रयागराज अशफाक अहमद, शहर अध्यक्ष प्रयागराज फुजैल हाशमी, कानपुर शहर अध्यक्ष पवन गुप्ता , कानपुर जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ,कौशाम्बी जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी,महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश केसरवानी, शुभेंद्र यादव,आयुष यादव,पिंटू सरोज,आदि मौजूद रहे।

# चक हिंनौता, चकिया हिनोता, मुकुंदपुर सहित 13 गाँवो के किसानों को आश्वासन

## बिना उनकी सहमति के नहीं होगा जमीनों का अधिग्रहण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के चक हिंनौता, चकिया हिंनौता, मुकुंदपुर सहित कुल 13 गावों के किसानों की जमीन को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित कर आवासीय कॉलोनी बनाने के मुद्दे को लेकर सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि बगैर किसानों की सहमति के



उनकी किसी भी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जायेगा।

इन गाँवो के सैकड़ों किसान अपनी जमीन बचाने के लिए कई दिन से अपनी जमीन पर ही बैनर लगाकर समुचित वार्ता का इंतजार कर रहे थे। किसानों का कहना है कि पहले ही रिंग रोड में काफी जमीन जा चुकी है। थोड़ी बची है जिस पर खेती कर-के गुजारा करते हैं।अधिग्रहण की खबर से घबराये किसान धरना दे रहे हैं।
किसानों ने सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव से अपनी समस्या को बताया जिस पर सोमवार को सपा एमएलसी डॉ यादव ने जिलाधिकारी से वार्ता की।

डॉ मानसिंह यादव के अनुसार जिलाधिकारी ने अश्वस्त किया है कि किसानों की जमीन बगैर उनसे वार्ता और सहमति के नहीं अधिग्रहित की जाएगी।

# महाराजा अग्रसेन संगठन ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन संगठन मुरादाबाद की ओर से पंचायत भवन में सोमवार को भव्य होली उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी की आरती के साथ हुआ। उसमें दिल्ली से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।
कार्यक्रम में गणेश वंदना, शिव-पार्वती होली, राधा-कृष्ण लीला, मयूर नृत्य, लठ्ठमार होली, फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। सभी अग्रबंधुओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।
मुरादाबाद शहर के अग्र समाज के डॉ. दिशांतर गोयल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए नितिन अग्रवाल व अनिल अग्रवाल को सम्मानित किया गया।



सरप्राइज सवालों के साथ लकी ड्रा भी निकाले गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एकता अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नीति अग्रवाल, आंचल अग्रवाल, ममता मित्तल, विशाखा मित्तल, शिखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, डा. सुगंधा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में कई सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। इसका समाज के लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक अग्रवाल व संयोजन हिमांशु अग्रवाल, महामंत्री अमोल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन मित्तल ने किया।
इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अनुज मित्तल, राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** 29.नवबर .2025 को थाना चरवा पर प्रार्थी द्वारा सूचना दी गयी कि आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था ।
सोमवार को थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चिन्टू पुत्र परसू उर्फ परसुनाथ निवासी धमसेड़ा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

## चांदपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर थाना चांदपुर पुलिस वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश की जा रही थी इसी बीच मुखबिर की सूचना पर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुलखान पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम खूटाझाल थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय फतेहपुर भेजा गया ।

# कवि सम्मेलन में फागुनी मस्ती सिर चढ़कर बोली

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज।** अक्षरांजलि के तत्वाधान में कृष्णा नगर कीडगंज में आयोजित 'शब्द रंग 2026' के कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में फागुनी मस्ती सिर चढ़कर बोली। गीतकार शैलेन्द्र मधुर ने अपने गीतों से श्रोताओं को आह्लादित किया। उन्होंने पढ़ा-

नफरत की दीवार गिरा दें,
बांटे केवल प्यार
हर्ष उल्लास के साथ मनाएं
होली का त्यौहार।

कार्यक्रम की शुरूआत मां हंसवाहिनी के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बतौर अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रख्यात गीतकार शैलेन्द्र मधुर एवं डॉ आभा मधुर श्रीवास्तव को सम्मानित किया।



अक्षरांजलि की महासचिव डॉक्टर आभा मधुर श्रीवास्तव ने माँ हंसवाहिनी की वाणी वंदना एवं काव्य पाठ कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।

मन में मंदिर तन में तरंग लिए हाथों में गुलाल लिए आए मेरे सजना, मैं खिल के हुई कचनार चुनर मेरी गीली हो गई।'

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे संजय पुरुषार्थी की कविता सराही गई। उन्होंने गीत पेश किया - नदी नदी न रह गई, न रह गया गगन गगन।
हवा में घुल गया जहर, न रह गई पवन पवन।।
ऐसे कठिन दौर में, कोई भला क्या कहे।
सत्य मौन हो चला
झूठ हो रहा मुखर।।

राम कैलाश पाल प्रयागी ने कविता पेश किया -
न मान लिखता हूँ, न सम्मान लिखता हूँ। न ही कभी अपना, गुणगान लिखता हूँ।। सिर्फ. देश के जांबाज शहीदों की याद में, तिरंगे आसमां तक हिन्दुस्तान लिखता हूँ।।

राजीव नसीब ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं से श्रोताओं का दिल जीत लिया।
'दिखता है धुंधला नजारा पास आ कर देख लो,
मै तुम्हारा हूं तुम्हारा पास आ कर देख लो।
ज़िंदगी में जीतने की ज़िद न की तुमसे कभी,
मै तो हर पल तुमसे हारा पास आ कर देख लो।।

अमित जौनपुरी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को आह्लादित किया।
जिसे तुम जान कहते हो ,
वो जां एक रोज जानी है।
हमें भाता नहीं है अब किसी की जान बन जाना।।

योगेश झमाझम हास्य व्यंग्य के कवि ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भरपूर हंसाया।

कवि सम्मेलन में नीरज सिंह, शिखा त्रिपाठी, मनोज कुमार राज रसिया, टीएन दीक्षित, विवेक अग्रवाल, राजेश केसरवानी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# खेत में लगे अवैध करंट की चपेट में आने से महिला की मौत, ग्रामीणों में रोष

**सबसे तेज प्रयागराज**
**लालगोपालगंज, प्रयागराज** । नवाबगंज थाना क्षेत्र के डेरवा गांव में रविवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पशुओं के लिए घास काटने गई एक 40 वर्षीय महिला की खेत में लगे झटका तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है जानकारी के मुताबिक, डेरवा गांव निवासी उमा देवी 40 पत्नी त्रिभुवन सरोज रविवार शाम करीब 4 बजे गांव के पास ही एक खेत में घास काटने गई थीं खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए तारों में अवैध रूप से करंट दौड़ाया गया था।





घास काटते समय उमा देवी अनजाने में इन तारों के संपर्क में आ गईं।

करंट का झटका इतना तेज था कि वह वहीं अचेत हो गईं। आनन-फानन में लोग उन्हें इलाज के लिए ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतका के बेटे सूरज कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि खेत स्वामी ने अवैध तरीके से तारों में तेज बिजली का करंट प्रवाहित किया था। सूरज का कहना है कि यह सुरक्षा के नाम पर जानलेवा लापरवाही है।

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में ले लेकर पीएम को भेज दिया।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे, पर प्रशासन रहा मौन

ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी खेत में लगे करंट वाले तारों की चपेट में आने से पहले भी दो गोवंश की मौत हो चुकी है। बार-बार हो रहे हादसों के बावजूद खेत स्वामी और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, जिसका खामियाजा आज एक महिला को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

उमा देवी की मौत के बाद उनके बेटों आकाश 22 वर्ष और सूरज 24 वार्स तथा बेटी ज्योति का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में इस घटना को लेकर गहरा दुख और अवैध बिजली तारों के खिलाफ गुस्सा व्याप्त है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## रामगढ़ कोठारी में श्रीमदभागवत 6 मार्च से

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बहरिया**। विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत रामगढ़ कोठारी में श्रीमदभागवत कथा की शुरूआत 6 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी तथा श्रीमद भागवत कथा 7 मार्च से दोपहर दो बजे से सायं छह बजे तक चलेगी।कथा का समापन 13 मार्च को तथा 14 मार्च को हवन वा गया जगन्नाथ जी का भाता होगा



और 15 मार्च को भंडारा के साथ सम्पन्न होगा। कथा वाचिका परम पूज्यनीया श्री राधेसिया अपने ओजस्वी वाणी से भक्तों को अमृत का रसपान करायेंगी। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमा देवी है कार्यक्रम की जानकारी कथा के आयोजक विपिन कुमार शुक्ल ने दी।

## गांव-गांव, बूथ - बूथ संगठन को किया जा रहा मजबूत : शिवदत्त शुक्ला

**राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दिया निर्देश**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज**। राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त शुक्ला ने होली पर्व पर आज सभी जिलाध्यक्षों, महामंत्रियों, उपाध्यक्षों, कोषाध्यक्षों, संयोजकों और कार्यकताओं को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, यह सामाजिक एकता, संगठन की शक्ति और आपसी विश्वास का प्रतीक है। जैसे विभिन्न रंग मिलकर एक



सुंदर चित्र बनाते हैं, वैसे ही आप सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर राष्ट्रीय परशुराम सेना को सशक्त, संगठित और प्रभावशाली बनाते हैं।

राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त शुक्ला कि हम गांव-गांव, बूथ - बूथ तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लें। हर जिला अध्यक्ष अपने जिले में, हर पदाधिकारी अपने क्षेत्र में और हर कार्यकर्ता अपने गांव में संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होने कहा कि बूथ स्तर तक हमारी उपस्थिति और सक्रियता असली ताकत है।

राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त शुक्ला ने कहा कि यदि किसी भी कार्यकर्ता, पदाधिकारी या साथी को किसी भी प्रकार की समस्या, कठिनाई या सुझाव हो, तो वह सीधे प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंचाए, उस समस्या का शीघ्र निस्तारण होगा। राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त शुक्ला ने कहा कि संगठन परिवार है, और परिवार में संवाद सबसे बड़ी शक्ति होती है। हम सब एक - दूसरे के साथ खड़े हैं और हर परिस्थिति में साथ रहेंगे।

राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवदत्त शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के 17 जिलों में कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कृष्ण पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री अमित प्रताप शुक्ल, प्रदेश मीडिया प्रभारी गंगा प्रसाद दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मिश्र है। उन्होंने बताया कि भदोही जिलाध्यक्ष रचना चौबे, जौनपुर पप्पू पाण्डेय, आगरा प्रदीप शर्मा, प्रयागराज ओम प्रकाश दूबे, कौशाम्बी सतीश शुक्ला और चित्रकूट जिलाध्यक्ष सुनील द्विवेदी है।

## गंगापार जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ डिप्टी सीएम से मिलकर उन्हें बधाई दी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज**। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने दर्जनों कार्यकताओं के साथ लखनऊ पहुंचकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके



सरकारी आवास पर मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं और जर्मनी दौरे पर जा कर 200 करोड़ रुपए का निवेश यूपी लाने के लिए बधाई दी जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी दौरे पर गए थे इस दौरान उन्होंने अग्रणी रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी रेलवन जीएमबीएच के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का दौरा किया इस दौरान यूपी सरकार और कंपनी के बीच 200 करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित एक महत्वपूर्ण समझौता किया गया। उनकी इस यात्रा को प्रदेश के विकास को बढ़ावा वाला करार दिया गया है और जर्मनी से वापसी पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल राम पलट पटेल, जिला महामंत्री मनोज निषाद, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, सचिन गोस्वामी,श्याम सुंदर दुबे,महेश पांडेय, ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## किसान नेता बबलू दुबे ने डीएम प्रतापगढ़ से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी





**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज**। सोमवार को किसानों और गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले ईमानदार जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी से उनके कैंप कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष मंडल प्रयागराज बबलू दुबे द्वारा मुलाकात कर अबीर लगाकर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और किसानों की गंभीर समस्याओं पर चर्चा भी की गई इस अवसर पर राजेंद्र कुमार मंडल सचिव हरिश्चंद्र युवा मंडल सचिव अंगद मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य बर्मा युवा ब्लाक उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों पर पानी के लिए जनता परेशान

**जलनिगम विभाग की लापरवाही आई सामने**

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर**। योगी सरकार भले ही कानून व्यवस्था से लेकर जनता की सुख सुविधाओं के लिए कड़े निर्देश जारी किए हो लेकिन कुछ अधिकारी कर्मचारी आज भी योगी सरकार को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी कर रहे है जिसे जनता परेशान है। केंद्र और प्रदेश की सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए



अरबों रुपए पानी की तरह बहाते हुए जल जीवन मिशन और जल निगम के लिए खर्च कर रही है। जिसकी जिम्मेदारी जल निगम को सौंपी गई है जब जिम्मेदार ही लापरवाह हो जाए तो फिर सरकार का मिशन कैसे सफल हो सकता है। यह उदाहरण प्रयागराज के जलनिगम विभाग में देखने को मिल सकता है। फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में मैलहन पेय जल समूह योजना के अंतर्गत दशकों पूर्व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगा नलकूप क्षेत्र के दर्जन भर गांवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है लेकिन होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान भी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते पानी नहीं मिल पा रहा है शिकायत के लिए जेई और एक्स ई एन के पास फोन करने पर उनका मोबाइल नहीं उठता है ऐसे गैर जिम्मेदार और लापरवाह अधिकारियों पर योगी सरकार कब अपना हंटर चलाएगी इसका इंतजार क्षेत्र की जनता कर रही है।

## स्कूल में बच्चों ने खूब उड़े अबीर एवं गुलाल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर**। फूलपुर क्षेत्र के एमजीएस निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज प्रतापपुर में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रदान की ' सर्वप्रथम प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने मां सरस्वती ,मां गायत्री एवं भारत 8माता के चरणों में अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया सभी अध्यापक मां के चरणों में अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किये, तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने मां के चरणों में अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किये, उसके बाद



छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रदान की, प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने छात्र छात्राओं को होली त्योहार के विषय में विस्तार से चर्चा किये एवं उन्हें सुरक्षित रंग एवं गुलाल लगाकर सद्भावनापूर्वक होली मनाने के लिए प्रेरित किये अंत में बच्चों का मुंह मीठा कराकर वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया 'उक्त अवसर पर राकेश श्रीवास्तव, उदयभान यादव ,अनिल यादव ,संतोष यादव ,कृष्ण कुमार यादव ,अनिल कुमार यादव, शिवा कुमार ,सुहानी केसवानी, अंकिता मौर्य ,पूर्णिमा दुबे, श्रद्धा दुबे, रोमा गुप्ता सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर दंपत्ति घायल

### पुलिस चौकी कादीपुर में हुआ समझौता दुर्घटना करने वाले चालक को नहीं मिला दंड

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी**। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह लगभग 9 बजे तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार दंपति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार लोग सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी कादीपुर मौके पर पहुंचे और दुर्घटना करने वाली चार पहिया गाड़ी के चालक के समर्थन में उतर आए हैं और समझौते के नाम पर 5000 रुपए दिलवा करके घायलों को वापस भेज दिया गया है घायलों का इलाज और मलहम पट्टी करवाने के लिए चौकी इंचार्ज ने घायलों को अस्पताल नहीं भेजा है चौकी इंचार्ज के इस कारनामे ने एक बार फिर पुलिसिया वर्दी शर्मसार कर दी



है।

करारी थाना क्षेत्र के मखदूमपुर भइला गांव निवासी श्रीनाथ सरोज अपनी पत्नी रीता देवी वा उसकी बहन को साथ लेकर बाइक से सोमवार की सुबह कही जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार दंपति सहित तीनों सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं सड़क पर दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी और दुर्घटना करने वाली तेज रफ्तार कार चालक को कार सहित रोक लिया लग्जरी कार चालक ने मौके पर पहुंचे लोगों से गाली गलौज मारपीट भी करने की कोशिश की है।

जिससे कार चालक के आतंक का अंदाजा लगाया जा सकता है मारपीट करने का प्रयास कर रहे कार चालक के आतंक के बाद लोगों से बात विवाद और नोंकझोंक भी हुई मौके पर कादीपुर चौकी प्रभारी पहुंचे और उन्होंने मामले में दोनों पक्षों को पुलिस चौकी कादीपुर बुलवाकर के समझौते का दबाव बनाकर 5000 रुपए दिलवा करके समझौता करवा दिया मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है जबकि बाइक सवार लोग लगातार मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे समझौता के नाम पर दुर्घटना करने वाले कार चालक को दंड नहीं मिल सका है।

## होली है एकता का पर्व : ओम प्रकाश गुप्ता

**राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन ने धूमधाम से मनाया होली महोत्सव**

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज**। राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन प्रयागराज की ओर से होली मिलन समारोह आज आयोजित किया गया।



उत्साहित माहौल में कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने एक - दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां खिलाकर होली की बधाई दी। संगठन संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता ने होली को एकता का पर्व बताया। इस दौरान अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव साकेत, महामंत्री अजय नाथ अग्निहोत्री ने कहा कि होली उत्सव दिलो को जोड़ता है। श्री प्रकाश,अजय मिश्रा,रजनीकांत विद्यार्थी,कुलदीप कुमार,पंकज मालवीय,राजेश श्रीवास्तव,अश्वनी श्रीवास्तव ने कहा,होली आपसी वैमनस्यता को दूर करने का पर्व है। अनिल दास ने होली का गीत प्रस्तुत किया गया जिससे माहौल होलीमय हो गया। प्रदीप गुप्ता,राजीव मिश्रा,ललित श्रीवास्तव,विनोद श्रीवास्तव,अनूप कुमार टंडन और सगीर अहमद ने सबको होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विपिन यादव,सुजीत चंद्रा,आत्म प्रकाश सिंह,चंद्रशेखर,सुबोध,ज्ञानचंद्र,अर्जुन पाठक, विरेंद्र दयाल,संतराम वर्मा,सुधीर शर्मा आदि शामिल हुए। होली मिलन समारोह में ओम प्रकाश गुप्ता को सिविल ऑडिट एसोसिएशन प्रयागराज की ओर से फूल माला एवं सेवा निवृति सम्मान पत्र प्रमोद कुमार मिश्रा महामंत्री,अमित सिंह सचिव मनोरंजन क्लब,निरंजन राय,अजय राय प्रदान किया गया। ललित श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद दिया।

## सड़क दुर्घटना में मौत पर पोस्ट मार्टम हाउस पहुंचकर विधायक ने ढांढस बंधाया

**सबसे तेज प्रयागराज**
**सहसों**। रविवार को थरवई थाना क्षेत्र के जयंतीपुर में हुई सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता विनय तिवारी के साले रजत त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय रामाशंकर त्रिपाठी गांव तिवारीपुर सहसों और उनकी भतीजी राशि त्रिपाठी पुत्री शशिकांत त्रिपाठी निवासी ग्राम वजीरपुर थाना थरवई की मौत के बाद सोमवार को प्रयागराज स्थित पोस्ट मार्टम हाउस पहुंचकर



फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया विधायक दीपक पटेल ने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें पीड़ित परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण मिश्रा पिंटू नेता, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, प्रधान आदित्य सिंह, कपिल सिंह, भूपेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अपने अवगुणों, दोषों को दहन होली में करने का लें संकल्प : प्रो कृष्णा गुप्ता

## प्रेम , सौहार्द,एकजुटता के साथ मनाएं होली : अल्पना डे

**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज**। महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर (एमपीवीएम) के ह्वरमन सभागारह्व में असत्य पर सत्य की विजय का पावन पर्व होली हर्षोल्लास के साथ आज मनाया गया। समारोह में विद्यालय की सचिव प्रो कृष्णा गुप्ता, प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना डे , विद्यालय की प्रभारी संचालिकाएं एवं शिक्षक – शिक्षिकाओं ने पावन पर्व का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संगीत शिक्षक शिव शंकर के फाग ' ए री मैका पिचकारी न मारो नंदलाला रे....' गीत से हुआ उसके पश्चात श्रीमती अंबिका और सुश्री अंशुल मालवीय ने ' आज बिरज में होली रे रसिया' गीत पर जुगलबंदी की जिसने माहौल को संगीतमय बना दिया। शिवशंकर, श्रीमती अंबिका एवं सुश्री अंशुल ने ' रंग डारूंगी नंद के लालन पे .....' गीत से सभी को होली के आनन्द से अभिभूत कर दिया । विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती





शक्ति ने प्रस्तुत होली पर विशेष काव्य पाठ ने सभी के मन को होली की मस्ती और उमंग से भर दिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं सिंथिया ,पलक , प्राची व रुचि ने गीत ' अरे जा रे हट नटखट.. ' गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने होली उत्सव में भाग लिया और साथ मिलकर अबीर गुलाल से होली खेली , जिससे विद्यालय परिसर होली के रंगों से सराबोर हो गया और सभी ने मिलकर होली के पारंपरिक गीतों का आनंद लिया ।

विद्यालय की सचिव श्रीमती कृष्णा गुप्ता ने सभी को होली की शुभकामना देते हुए होली के पीछे छिपी हुई राधा और कृष्ण की कथा को बताया और इस होली में अपने अवगुणों और दोषों को दहन करने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी।

प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पना डे ने प्रेम सौहार्द और भाई - चारे के इस त्यौहार पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें प्रेम , सौहार्द और एकजुटता के साथ यह त्योहार मनाना चाहिये।

# आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी



ललित गर्ग

**लोकतंत्र की शक्ति उसके संस्थानों की विश्वसनीयता में निहित होती है। जब न्यायालय निर्भीक होकर जांच की कमियों को इंगित करता है, तो वह व्यवस्था को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को किसी दलगत लाभ-हानि के चश्मे से देखने के बजाय संस्थागत सुधार के अवसर के रूप में देखा जाए।**

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या “प्राणवायु” के समान है। यह फैसला आप को “कट्टर ईमानदार” की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय “राजनीतिक प्रतिशोध” के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है।

विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी।



इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शासन की समग्र विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर दंड आवश्यक है; किंतु यदि आरोप पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में टिक नहीं पाते, तो इससे राजनीतिक विमर्श की विश्वसनीयता पर भी आघात पहुँचता है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु आरोपों का उपयोग यदि मुख्यतः चुनावी रणनीति के रूप में किया जाता है और वे न्यायालय में प्रमाणित नहीं हो पाते, तो इससे जनता के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस निर्णय के बाद स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को नैतिक बल प्राप्त हुआ है। किंतु इस तथ्य को केवल किसी एक दल की विजय या पराजय के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इससे व्यापक स्तर पर यह संदेश भी जाता है कि न्यायिक प्रक्रिया स्वतंत्र है और वह अभियोजन की कमजोरी को रेखांकित करने से संकोच नहीं करती। न्यायालय की कठोर टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि केवल आरोपों की गंभीरता पर्याप्त नहीं है; उन्हें प्रमाणों की दृढ़ता से पुष्ट करना भी अनिवार्य है। दूसरी ओर, यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि वास्तव में किसी नीति में अनियमितता हुई थी, तो उसके समर्थन में ठोस साक्ष्य क्यों प्रस्तुत नहीं किए जा सके। क्या अन्वेषण प्रक्रिया में तकनीकी कमियाँ रहीं? क्या साक्ष्य-संग्रह में सावधानी का अभाव था? या फिर आरोपों का प्रारूपण ही पर्याप्त स्पष्ट नहीं था? ये प्रश्न केवल इस प्रकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य की जांच प्रक्रियाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

भ्रष्टाचार-निरोध की दिशा में प्रभावी कदम तभी संभव हैं जब अन्वेषण निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत हो। राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार-विरोध का नैतिक आग्रह तभी प्रभावी है जब वह स्वयं प्रमाण-आधारित हो। यदि आरोपों का आधार कमजोर होगा, तो वे न्यायिक समीक्षा में टिक नहीं पाएंगे और इससे वास्तविक भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष भी कमजोर पड़ेगा। इस घटनाक्रम ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है-अन्वेषण एजेंसियों की स्वायत्तता और उत्तरदायित्व का संतुलन। लोकतंत्र में एजेंसियों को स्वतंत्रता आवश्यक है, किंतु वह स्वतंत्रता विधिक मानकों और न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है। न्यायालय की टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि प्रक्रिया की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त तैयारी के बिना आरोप प्रस्तुत करता है, तो उसका परिणाम यही होगा कि मामला प्रारंभिक चरण में ही कमजोर पड़ जाएगा।

निश्चित तौर पर यह प्रकरण हमें यह स्मरण कराता है कि कानून का शासन केवल दंड देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि न्यायसंगत प्रक्रिया की गारंटी भी है। आरोप सिद्ध करने की जिम्मेदारी राज्य पर होती है और वह भी संदेह से परे प्रमाणों के आधार पर। यदि यह मानक पूरा नहीं होता, तो किसी भी व्यक्ति को केवल सार्वजनिक धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस निर्णय का अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो-क्योंकि उच्च न्यायालय में चुनौती लंबित है फिर भी यह अवसर अवश्य प्रदान करता है कि हम भ्रष्टाचार-निरोध की अपनी कार्ययोजना को अधिक सुदृढ़ और प्रमाण-आधारित बनाएं। राजनीतिक विमर्श को आरोपों की तीव्रता से आगे बढ़कर प्रमाणों की गुणवत्ता पर केंद्रित करना होगा। अन्वेषण एजेंसियों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी कार्रवाई निष्पक्षता और विधिक दृढ़ता का उदाहरण बने।

लोकतंत्र की शक्ति उसके संस्थानों की विश्वसनीयता में निहित होती है। जब न्यायालय निर्भीक होकर जांच की कमियों को इंगित करता है, तो वह व्यवस्था को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को किसी दलगत लाभ-हानि के चश्मे से देखने के बजाय संस्थागत सुधार के अवसर के रूप में देखा जाए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह प्रकरण केवल एक राजनीतिक विवाद नहीं रहेगा, बल्कि शासन-प्रणाली की परिपक्वता का प्रमाण भी बनेगा।

## संपादकीय

### आफत से राहत

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला सीबीआई की तरफ से दायर मामले में आया है। अदालत ने सीबीआई की जांच में खामियों को उजागर करते हुए कहा कि आरोप गवाह या ठोस सबूतों पर आधारित नहीं हैं। अदालत का तर्क था कि चार्जशीट में उल्लेखित दावे तार्किक आधार नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति साल 2021 में लागू की थी। जिसके अंतर्गत शराब कारोबार निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन सरकार ने दलील दी थी कि नई नीति राज्य के राजस्व में आशातीत वृद्धि करेगी। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट का यह फैसला केजरीवाल व उनकी टीम के लिये आधी लड़ाई जीतने जैसा है। जिससे वे खुद को आम आदमी पार्टी के कोर वोटरों को अपने पाक-साफ होने का विश्वास दिलाने का प्रयास कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस प्रकरण को अपना मुख्य मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखे हमले बोले थे। पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं को यह समझाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी कि केजरीवाल सरकार का भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सिर्फ एक राजनीतिक प्रपंच है।

## चिंतन-मनन

### ईश्वर हमेशा भक्तों की सहायता करता है

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्रों कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं।

गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है।

सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया।

बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छ सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया।

राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये। नई बने भगवान की सेवा से राजा का क्रोध दूर हो गया और मन हर्षित हो गया। सत्संग समाप्त होने के बाद सेन नाई को याद आया कि राजा की सेवा में देरी हो गयी है। हजामत का सामान लेकर डरता हुआ सेन नाई राजमहल में पहुंचा।

# इस क्षेत्रीय युद्ध को वैश्विक संकट में बदलते हुए देर नहीं लगेगी



नीरज कुमार दुबे

पश्चिम एशिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा है और इस बार चिंगारी किसी सीमा विवाद या छाया संघर्ष की नहीं, बल्कि खुली सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिका और इजराइल ने जिस समन्वित अभियान के तहत ईरान पर प्रहार किया है, उसने केवल एक देश को नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन को झकझोर दिया है। सवाल यह है कि क्या यह कदम वास्तव में परमाणु खतरे को रोकने के लिए था, या फिर पश्चिम एशिया की राजनीति को अपने अनुकूल ढालने की एक सुनियोजित चाल है?



तेहरान पर सीधे हमले, सर्वोच्च नेतृत्व को निशाना बनाने की कोशिश और शासन परिवर्तन के संकेत, यह सब किसी सीमित सैन्य कार्रवाई की परिभाषा में नहीं आता। यह शक्ति प्रदर्शन है। यह संदेश है कि जो अमेरिकी रणनीति के खिलाफ खड़ा होगा, उसे सैन्य कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन इतिहास गवाह है कि बाहरी हस्तक्षेप से पैदा हुई अस्थिरता अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाती है। इराक और अफगानिस्तान के अनुभव अभी पुराने नहीं हुए हैं।

ईरान का जवाब भी उतना ही आक्रामक है। क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाना और खाड़ी देशों तक मिसाइलों की पहुंच दिखाना यह बताता है कि संघर्ष सीमित नहीं रहेगा। यदि खाड़ी के देश भी अपनी जमीन पर हुए हमले के विरोध में ईरान के खिलाफ सीधे युद्ध में उतरते हैं तो यह आग कई सीमाओं को लांघ सकती है। इससे समुद्री मार्गों, तेल आपूर्ति और सामरिक जलडमरूमध्य पर खतरा बढ़ेगा जिससे संकट केवल क्षेत्रीय स्तर पर नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैल जायेगा।

सबसे बड़ी चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है। यदि वहां अवरोध पैदा होता है तो दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ टूट सकती है। तेल की कीमतों में उछाल केवल बाजार का आंकड़ा नहीं होता, वह विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर देता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, वह सीधे प्रभावित होंगे। महंगाई बढ़ेगी, राजकोषीय दबाव बढ़ेगा और आम नागरिक की जेब पर बोझ पड़ेगा।

यह भी स्पष्ट है कि इस टकराव का असर केवल सैन्य या आर्थिक नहीं है। हवाई क्षेत्र बंद हो रहे हैं, उड़ानें रद्द हो रही हैं, प्रवासी समुदायों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में बसे लाखों भारतीयों की सुरक्षा का प्रश्न हमारे लिए केवल कूटनीतिक मुद्दा नहीं, मानवीय दायित्व भी है।

सबसे खतरनाक पहलू यह है कि बड़ी शक्तियां अलग अलग खेमों में बंटती दिख रही हैं। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है और अन्य शक्तियां भी खुलकर पक्ष लेने लगती हैं, तो यह टकराव बहुध्रुवीय युद्ध का रूप ले सकता है। विश्व युद्ध शब्द का प्रयोग भले अभी अतिशयोक्ति लगे, पर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे विश्वव्यापी संकट अवश्य बना सकता है।

बहरहाल, आज जरूरत है संयम की, संवाद की और कूटनीतिक साहस की। शक्ति प्रदर्शन से अस्थायी बढ़त मिल सकती है, स्थायी शांति नहीं। यदि पश्चिम एशिया को फिर से युद्धभूमि बनाया गया, तो उसकी कीमत केवल वहां के लोग नहीं, पूरी दुनिया चुकाएगी। भारत को संतुलित, दृढ़ और दूरदर्शी कूटनीति के साथ अपनी ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। देखा जाये तो युद्ध की आंधी में विवेक ही सबसे बड़ा हथियार होता है।

# वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी से कर्जे के अंधकूप में देश



योगेन्द्र योगी

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओ त्से-तुंग ने कहा था कि किसी आदमी को एक मछली दो और तुम उसे एक दिन के लिए खिलाओगे। उसे मछली पकड़ना सिखाओ और तुम उसे ज़िंदगी भर खिलाओगे। आज के भारतीय शब्दों में यह है कि हर नेता जो मुफ्त चीजों का वादा करता है, असल में यह कह रहा है कि मैं तुम्हें एक अच्छी रोजी-रोटी और रेगुलर इनकम की इज्जत नहीं दे सकता। इसलिए अभी के लिए यह कुछ है, इसी से काम चला लो। चुनाव आते ही मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक दलों में मुफ़्त की रेवड़ी बाँटने की होड़ लग जाती है। कोई मुफ़्त बिजली और पानी देने की बात करता है तो कोई स्मार्टफोन, लैपटॉप, साइकिल और टीवी की बात करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। बिजली वितरण कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में विद्युत संशोधन नियम, 2024 के एक नियम को चुनौती दी थी।

इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वैलफेयर के तौर पर आप उन लोगों को देना चाहते हैं जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो लोग खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते, उनके बीच फर्क किए बिना, आप बांटना शुरू कर देते हैं। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। इसमें अनुमान के मुताबिक, राज्य का कुल बकाया कर्ज बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते कर्ज के लिए वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु में वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की मंजूरी नहीं दे रही है और केंद्र प्रायोजित योजनाओं का फंड रोक रही है। उन्होंने जीएसटी दरों में कटौती और 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर भी निराशा जताई।

मंत्री थेन्नारसु के अनुसार संघीय ढांचे में राज्यों के साथ ऐसा अनुचित व्यवहार पहले कभी नहीं देखा गया। द्रमुक (डीएमके) सरकार ने अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के लिए फंड की कमी नहीं होने दी। महिलाओं के लिए “विदियाल पयानम” योजना (मुफ्त बस यात्रा) के लिए 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके अलावा, छात्रों के लिए बस किराए की योजना हेतु 1,782 करोड़ रुपये और डीजल सब्सिडी के लिए 1,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर परिवहन विभाग को 13,062 करोड़ रुपये मिले। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी सरकार ने 5,463 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा अलग रखा है। तमिलनाडु में पिछले 4 वर्षों में प्रति परिवार कर्ज तेजी से बढ़कर लगभग 3.7 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जो राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु पर देश में सर्वाधिक 8.34 लाख करोड़ रुपये कर्ज है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है। इस पर 7.69 लाख करोड़ रुपये कर्जा है। इसी तरह महाराष्ट्र पर 7.22 लाख करोड़, पश्चिम बंगाल पर 6.58 लाख करोड़ रुपये, कर्नाटक पर 5.97 लाख करोड़ रुपये, राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश पर 4.85 करोड़ रुपये का कर्जा है। गुजरात पर 4.67 लाख करोड़ रुपये, केरल पर 4.29 लाख करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश पर 4.18 लाख करोड़ रुपये, तेलंगाना पर 3.89 लाख करोड़ रुपये, पंजाब पर 3.51 लाख करोड़ रुपये, हरियाणा पर 3.36 लाख करोड़ रुपये, बिहार पर 3.19 लाख करोड़ रुपये और असम पर 1.51 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। वर्ष 2016-17 के बाद कर्ज पर निर्भरता लगातार बढ़ती गई।

वोट बैंक की राजनीतिक के कारण ऐसी लोकलुभावन मुफ्त की योजनाओं के कारण छोटा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश डेब्ट ट्रैप में फंस गया है। आलम यह है कि हिमाचल सरकार के पास लिए गए कर्ज की मूल रकम व उस पर लगने वाले ब्याज को चुकाने के लिए भी पर्याप्त पैसा नहीं है। वहीं, कर्ज लेने की लिमिट सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए है। अगले वित्तीय वर्ष में कर्ज व ब्याज चुकाने के लिए 13 हजार करोड़ चाहिए। अब लोन को चुकाने के लिए मार्केट से कर्ज लेकर भी बात नहीं बन रही और तीन हजार करोड़ रुपए अपने बजट से चुकाने होंगे। सोलहवें फाइनेंस कमीशन की रिपोर्ट में हिमाचल सहित अन्य कुछ राज्यों की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) खत्म कर दी है। इससे हिमाचल सरकार के खजाने पर भारी चोट लगी है।



हिमाचल प्रदेश पर कुल देनदारियां 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं, जिससे यह पहाड़ी राज्य कर्ज लेने वाले भारतीय राज्यों में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 'स्टेट फाइनेंस' रिपोर्ट (2025-26) में कहा है कि मुफ्त की ऐसी योजनाओं के चलते राज्यों के बजट पर दबाव बढ़ रहा है। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में बुनियादी ढांचे (सड़क, स्कूल, अस्पताल) पर खर्च कुल बजट का 10% से भी कम रह गया है। मुफ्त की रेवड़ी बांटने में कोई पीछे नहीं है। केंद्र में बतौर विपक्षी पार्टी आलोचना करने वाली कांग्रेस अपनी सत्ता वाले राज्यों में खुल कर 'रेवड़ियां' बांटती रही है। उसी तरह केंद्र में खुल कर यह काम करने वाली भाजपा, राज्यों में कांग्रेस व अन्य पार्टियों का इसके लिए विरोध करती है। बीते नौ साल में प्रति व्यक्ति कर्ज तीन गुना बढ़ गया है। इसका एक बड़ा कारण केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा जनता को खुले आम 'रेवड़ियां' बांटना भी है। देश में प्रति व्यक्ति कर्ज 1,86,206 रुपए हो जाने का अनुमान है। अहम बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह भी बताना चाहिए कि इन मुफ्त की योजनाओं के लिए धन कहां से आएगा। अब हमारी फाइनेंशियल पॉलिटिक्स में ईमानदारी और जवाबदेही वापस लाने का समय आ गया है।

## रेलवे स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सोमवार को प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह ने बीडीडीएस टीम, एएसचेक टीम व पर्याप्त पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन पर सकुर्लेटिंग एरिया ,आरक्षण हाल,पैसेन्जर हाल,प्लेटफार्म आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर होली के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्ति ,वस्तु आदि की सघन चेकिंग की गयी।

## पुलिस उपायुक्त नगर ने की निगरानी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** होली पर्व व रमजान माह के दृष्टिगत सोमवार को पुलिस उपायुक्त नगर मनीष शांडिल्य द्वारा आरएएफ कमांडेंट, अपर पुलिस उपायुक्त नगर व सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के साथ चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज व अन्य मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर शान्ति, कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की गई।

## ट्रक से कुचल कर महिला की मौत

**फरुर्खाबाद ।**

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में ओवरटेक के दौरान ट्रक ने सोमवार को बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। उसका पिता चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई।सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि कासगंज जिले के थाना सुन्न गड़ी निवासी रुही (25) सोमवार को पिता बबलू कुरैशी के साथ बाइक से दवा लेने कायमगंज जा रहीं थी।

# होली पर शाही गुझिया की धूम, सोने-चांदी से सजी मिठास ने बढ़ाई बाजार की रौनक

**कानपुर।**

होली के रंगों के साथ इस बार बाजारों में मिठास भी शाही अंदाज में नजर आ रही है। पारंपरिक गुझिया अब सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसमें लग्जरी और सेहत का तड़का भी जुड़ गया है। शहर के मिठाई बाजारों में सोने-चांदी की परत से सजी गुझिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, वहीं शुगर फ्री और गुड़ से बनी गुझिया भी तेजी से बिक रही हैं।

होली के त्योहार से पहले शहर के बाजारों में मिठाइयों की दुकानों पर खास रौनक देखने को मिल रही है। इस बार गुझिया के कई प्रीमियम और हेल्दी वैरायटी बाजार में उतारी गई हैं। सोने की परत से सजी गोल्डन गुझिया 31 हजार रुपये प्रति किलो में बिक रही है, जबकि चांदी की वर्क वाली सिल्वर गुझिया





2100 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध है।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक ग्राहकों के लिए शुगर फ्री और गुड़ से बनी गुझिया भी तैयार की गई हैं, जिनकी कीमत 1000 से 1500 रुपये प्रति किलो के बीच है। इसके अलावा केसरिया और अंजीर की गुझिया की भी बाजार में जबरदस्त मांग बनी हुई है।

मिठाई दुकानदार गौरव ने सोमवार को बताया कि इस बार लोगों का रुझान पारंपरिक स्वाद के साथ-साथ प्रीमियम और हेल्दी विकल्पों की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि त्योहार पर गिफ्ट देने के लिए भी लोग महंगी और खास वैरायटी की गुझिया पसंद कर रहे हैं।

खरीदारी करने आए ग्राहक संदीप ने बताया कि हर साल साधारण गुझिया लेते थे, लेकिन इस बार कुछ नया ट्राय करने के लिए केसरिया गुझिया खरीदी है। वहीं ग्राहक राकेश ने कहा कि परिवार में डायबिटीज के मरीज होने की वजह से शुगर फ्री गुझिया लेना बेहतर विकल्प लगा।

कुल मिलाकर इस बार होली पर बाजारों में मिठास के साथ शान और सेहत का संगम देखने को मिल रहा है, जिससे खरीदारी में खास उत्साह नजर आ रहा है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के विरुद्ध हो रहा षड्यन्त्र:शंकराचार्य सदानन्द सरस्वती



### >>> ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य को दिया समर्थन,बोले—अंत में सत्य की ही होगी विजय

**वाराणसी।**

नाबालिग के यौन शोषण के आरोपों में घिरे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में द्वारका शारदापीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज आगे आए है। उन्होंने कहा कि ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के ऊपर बिल्कुल झूठा आरोप लगाया गया है। यह राजनीतिक आरोप है, षड्यंत्र है। एक प्रकार से हिंदू सनातन धर्म के आचार्यों पर यह आक्षेप करना बिल्कुल सोची-समझी चाल है। लोगों को तैयार करके वक्तव्य दिलवाया जा रहा है। अंत में आप पाएंगे कि उनकी विजय होगी, क्योंकि सत्य प्रताड़ित हो सकता है, पराजित नहीं हो सकता। सत्य की हमेशा विजय होगी।

सोमवार को बयान जारी कर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा कि हम लोग चाहते हैं कि देश का राजा धार्मिक होना चाहिए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सिद्धांत की बात करते हैं, धर्म की बात करते हैं, सनातन की बात करते हैं। पार्टी वाले उसको अपने ऊपर ले लेते हैं। सनातनी परंपरा को नष्ट-भ्रष्ट करने का जो प्रयास अंग्रेजों ने प्रारंभ किया था, आज के राजनीतिक दल भी उसी का अनुकरण कर रहे हैं। इसके लिए पक्ष और विपक्ष दोनों ही जिम्मेदार हैं। जो आज विपक्ष में हैं, वे कभी पक्ष में थे।

## मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, एक को गोली लगी, सिपाही भी घायल

**फिरोजाबाद।**

थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने रविवार देर रात्रि बुकिंग के बाद रास्ते में चालक से ऑटो, नकदी व मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल एक लुटेरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

अपर पुलिस अधीक्षक देहात अनुज चौधरी ने बताया कि थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत राजेश कुमार ऑटो चलाने का काम करता है। 01 मार्च की रात्रि में 02 व्यक्तियों ने उसका ऑटो शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन से ग्राम रपड़ी जाने के लिये बुक किया था। रास्ते में बुकिंग करने वाले दोनों व्यक्तियों द्वारा उसका ऑटो, मोबाइल फोन एवं 1,200 रुपए लूट लिये। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी नसीरपुर ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि लुटेरों ने लूटे गये ऑटो को ग्राम रपडी के जंगल में छिपाया है तथा अभियुक्त लूटे गए ऑटो को बेचने की फिराक में बहोरी डाण्डा से सहजादपुर डिडौली की तरफ जाने वाले रास्ते से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो ऑटो चला रहा संदिग्ध ऑटो चालक, ऑटो को कच्चे रास्ते पर मोड़कर भागने लगा। ऑटो में सवार एक अन्य संदिग्ध ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग में गोली थाना नसीरपुर पुलिस टीम के एचसीपी जितेन्द्र राजौरिया के हाथ को छूती हुई निकल गयी।

# सुलतानपुर की रजनी बाला ने हस्तशिल्प से बनाई

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में सामाजिक परिवर्तन और नई संभावनाओं का दौर जारी है। महिलाएं अपने संकल्प और परिश्रम से आत्मनिर्भर विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। सुलतानपुर के कुड़वार ब्लाक के गांव हरखपुर की रहने वाली रजनी बाला इसका सशक्त उदाहरण हैं, जिन्होंने मूंज उत्पादों में सिकहुला, भउका, दौरी, डोलची और कप जैसी कलाकृतियों को बढ़ावा देकर अपनी अलग पहचान बनाई है।



रजनी बाला ने 12वीं तक शिक्षा प्राप्त की है। वह बताती हैं कि मूंज शिल्प का हुनर उन्हें अपनी मां से विरासत में मिला। उनकी मां भी मूंज के उत्पाद तैयार करती थीं। बचपन से ही रजनी को इस कार्य का पारिवारिक वातावरण और व्यावहारिक अनुभव मिलता रहा। उसी सीख और लगन के दम पर आज रजनी विभिन्न प्रकार के मूंज उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भर बनी हैं। उनके पति दिल्ली में एक निजी कंपनी में कैब चलाते हैं और रजनी के काम में पूरा सहयोग देते हैं। उनके दो बच्चे हैं। बेटा लखनऊ में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। बेटी सुलतानपुर के एक विद्यालय में अध्ययनरत है।

मूंज के प्रत्येक उत्पाद की कीमत अलग-अलग होती है लेकिन लाभ की दृष्टि से यह व्यवसाय काफी मजबूत है। रजनी बाला बताती हैं कि औसतन हर उत्पाद पर लगभग 50 प्रतिशत तक शुद्ध लाभ हो जाता है। यदि किसी उत्पाद को तैयार करने में 100 की लागत आती है, तो उसका बाजार मूल्य लगभग 150 होता है। उनके व्यवसाय को अब अन्य राज्यों से भी पहचान मिल रही है। अब तक का उनका सबसे बड़ा और लाभदायक ऑर्डर राजस्थान से मिला, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने करीब 100 महिलाओं को रोजगार का अवसर दिया। इस तरह रजनी बाला न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी आजीविका से जोड़कर सामूहिक आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

रजनी बाला ने बताया कि उनके मूंज उत्पादों के निर्माण और विपणन में जिला उद्योग कार्यालय का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

# बुजुर्गों से कदमताल कर युवाओं ने अपने कंधे पर ली फाग की परम्परा

बलिया, 02 मार्च (हि.स.)। फगुआ यानी होली परम्पराओं के जीवंत होने का त्योहार है। तेजी से आधुनिक हो रहे समाज पर अंग्रेजियत के चटख होते रंगों के बीच बलिया में फाग गायन की परम्परा की डोर और भी मजबूत होती दिख रही है। इसके पीछे युवा जोश है।

होली पर्व के अवसर पर गावों में फाग गायन की परम्परा रही है।



हालांकि पालयन का दंश झेल रहे जिले के अधिकांश गावों में समुदायिकता का बोध कराने वाले फाग गायन की परम्परा दम तोड़ रही है। अलबत्ता बलिया के गड़हांचल में फाग गीत गाने की परम्परा परवान चढ़ रही है। गड़हांचल के लगभग मध्य में स्थित सुरही गांव में फाग को जीवंत रखने का बीड़ा लगभग पचास सालों से राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सर्वचन्द्र राय ने अपने कंधे पर ले लिया है।

# महोबा के चर्चित किरन पुरवार हत्याकांड का खुलासा, नौकरानी ने बेटे संग की थी हत्या, दोनों गिरफ्तार

**महोबा।**

उत्तर प्रदेश के महोबा जिला मुख्यालय में पुलिस ने चूड़ी के एक टुकड़े से सनसनीखेज किरन पुरवार हत्या का खुलासा किया है। घर के कामकाज में डांट मिलने से नाराज नौकरानी ने अपने बेटे के साथ मिलकर मालकिन किरन पुरवार की हत्या कर अपनी बेइज्जती का बदला लिया था। पुलिस ने लकवा ग्रसित मालकिन की हत्या करने के आरोप में आरोपित नौकरानी आशा रैकवार और उसके बेटे सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने जांच



के दौरान चूड़ी के टुकड़े का मिलान नौकरानी की चूड़ी से हो गया और पूछताछ के बाद उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

सदर क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि 25 फरवरी को जनपद मुख्यालय के खोया मंडी निवासी दुकानदार संतोष पुरवार ने पुलिस को जानकारी दी थी कि वे अपनी पत्नी किरन पुरवार के साथ रह रहे थे। पत्नी किरन पैरालिसिस की बीमारी से जूझ रहीं थीं। दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो गई है । घर पर पत्नी अकेली रहती थी, जिसकी देखभाल के लिए आशा नाम की महिला को काम पर रखा था। जो पिछले 8 वर्षों से उनके यहां सेवा दे रही थी।

संतोष पुरवार के अनुसार 25 फरवरी को रात में जब घर पहुंचे तो बाहर का दरवाजा खुला था और अंदर का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। बीमार पत्नी बेड पर मृत पड़ी थी और उसके

# उप्र में संपत्ति के विवाद में बेटे ने की मां-पिता, बहन और दादी की हत्या

**बहराइच।**

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना किया है।

पुलिस अधीक्षक आर.एन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना



क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे। परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं। बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी। उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था। उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया। पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए। स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया।

# होलिका में 'टैरिफ वार' की थीम, प्रधानमंत्री मोदी का 'पुष्पा' अवतार बता दिया सशक्त भारत का संदेश

**कानपुर।**

होली के पर्व पर सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की अनोखी मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर के लाटूश रोड इलाके में वर्ष 1962 से चली आ रही परंपरा के तहत इस बार भी विशेष थीम पर होलिका दहन की तैयारियां की गई हैं। हर वर्ष सामाजिक, सांस्कृतिक और समकालीन मुद्दों को विषय बनाकर होलिका सजाने की इस परंपरा ने क्षेत्र को विशिष्ट पहचान दिलाई है। यही वजह है कि होली के मौके पर लाटूश रोड में देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग इस अनूठी प्रस्तुति को देखने




पहुंचते हैं।

इस वर्ष नुक्कड़ सोसायटी की ओर से "टैरिफ वार" को केंद्र में रखते हुए होलिका का प्रांगण सजाया गया है। आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिल्मी किरदार 'पुष्पा' की प्रतीकात्मक छवि में दर्शाया गया है। उन्हें भगवा परिधान में, दाहिने हाथ को दाढ़ी पर टिकाए आत्मविश्वासपूर्ण मुद्रा में प्रस्तुत किया गया है। इस रचना के माध्यम से आयोजकों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वैश्विक दबावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत अपने राष्ट्रीय हितों को लेकर दृढ़ रुख रखता है।

प्रांगण में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी प्रतीकात्मक पुतला लगाया गया है, जिसे वैश्विक व्यापार नीति और टैरिफ विवादों के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है।

## देवरिया में पेट्रोल पंपों की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल

**देवरिया।**

पेट्रोल पंप की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार की सुबह दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल का असर दिखा। इसी क्रम में देवरिया जिले में भी पेट्रोल पंप संचालकों ने दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल करते हुए पंप में कामकाज बंद रखा। सुबह 8 बजे से 10 बजे तक जिले के सभी पेट्रोल पंप बंद रहे, जिससे पेट्रोल और डीजल की बिक्री प्रभावित हुई। इस दौरान कई वाहन चालकों को ईंधन न मिलने से वापस लौटना पड़ा और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा।

हड़ताल का आह्वान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन देवरिया की ओर से किया गया था। संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकांत मणि त्रिपाठी ने बताया कि रुद्रपुर क्षेत्र के डहरौली



स्थित एक पेट्रोल पंप पर हाल ही में लूट की घटना हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से संचालकों में आक्रोश है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस घटना के बाद जिले के पेट्रोल पंप संचालक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लूटकांड के आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और सभी पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो 5 मार्च को जिले के लगभग 200 पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सपताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

# वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा

**- बनेगा दक्षिण भारत का बड़ा ट्रांसशिपमेंट केंद्र**

**तूतीकोरिन ।**


वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे। परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित करने हेतु वीओसी बंदरगाह ने भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और सागरमाला फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय करार किया है।

यह कदम बंदरगाह को नए निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक कोष उपलब्ध कराने में सहायक होगा। बंदरगाह प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समुद्री क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आउटर हार्बर परियोजना से बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने और दक्षिण भारत में माल परिवहन एवं ट्रांसशिपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर, वैश्विक तेल आपूर्ति पर खतरा

**- हवाई हमलों के बाद बढ़ा तनाव, जनता की जेब पर बढ़ेगा बोझ**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। यह मार्ग खाड़ी देशों और भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों के लिए बेहद संवेदनशील है। आंशिक नाकाबंदी ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, और कई टैंकरों ने रास्ता बदल दिया या लंगर डाल दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी तेल कंपनियों और ट्रेडिंग हाउसेज ने सुरक्षा कारणों होरमुज़ मार्ग से कच्चा तेल, ईंधन और रसद की ढुलाई रोक दी है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, कम से कम 11 बड़े एनएनजी टैंकरों ने अपनी गति धीमी कर दी या वापस मुड़ गए। ओमान के तट के पास तेल टैंकरों की कतारें लग गई हैं, जिससे सप्लाई चेन बाधित हो रही है। भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश जैसे इराक, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत इस मार्ग पर निर्भर हैं। अगर बाधा लंबी खिंचती है, तो भारत की रिफाइनरियों में कच्चे तेल का स्टॉक कम हो जाएगा। इससे आयात लागत बढ़ सकती है और लंबे समय में आम जनता की जेब और व्यापार घाटा प्रभावित हो सकता है। अमेरिकी नौसेना ने अरब खाड़ी, ओमान की खाड़ी और उत्तरी अरब सागर को सैन्य अभियान क्षेत्र घोषित किया है। ग्रीस और ब्रिटेन ने अपने जहाजों को होरमुज से दूर रहने की चेतावनी दी। इस स्थिति ने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। जहाजों के पास केवल केप ऑफ गुड होप का लंबा मार्ग बचता है, जिससे 10-15 दिन की देरी, अधिक ईंधन खर्च और बढ़े हुए बीमा प्रीमियम का सामना करना पड़ता है। चार्टर और लॉजिस्टिक लागत बढ़ने से मालभाड़ा दरें भी बढ़ रही हैं। कार्गो मालिक फोर्स मेज्योर का सहारा लेकर समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जीपीएस जामिंग और हवाई क्षेत्र बंद होने से चालक दल बदलाव और लॉजिस्टिक प्रबंधन भी कठिन हो गया है।

# जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सेंटर




**एमआरओ सुविधा के लिए सिंगापुर की कंपनी ने दिखाया निवेश रुचि**

**ग्रेटर नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा। सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा, मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेबू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे। वायईआईडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और एविएशन उद्योग स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेश भी आकर्षित होगा। एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहल उत्तर प्रदेश में एविएशन और लॉजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करेगी और जेवर को एक प्रमुख औद्योगिक और एविएशन हब बनाने में मदद करेगी।

# महंगे सोने ने बदली ज्वेलरी की प्राथमिकताएं, 18 कैरेट सोने की मांग बढ़ी

**- युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर हो रहे हैं आकर्षित**

**नई दिल्ली ।**

देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पारंपरिक 22 कैरेट सोने की मांग पर असर पड़ा है। ग्राहक अब केवल निवेश के रूप में सोना नहीं बल्कि पर्सनल स्टाइल और पहचान के लिए ज्वेलरी चुन रहे हैं। इस बदलाव के चलते 22 कैरेट के भारी गहनों की तुलना में 18 कैरेट सोने की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार 18 कैरेट सोने की कीमत 22 कैरेट की तुलना में 15-20 प्रतिशत कम होने के कारण बजट पर दबाव कम करती है। सिर्फ सस्ता विकल्प न रहकर चांदी और स्टर्लिंग सिल्वर अब फैशन की पहचान बन गए हैं। युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बढ़ती कीमतों के बावजूद चांदी निवेशकों के लिए भी आकर्षक विकल्प बन रही है। पिछले एक साल में चांदी ने निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिए हैं, जिससे इसे सुरक्षित और लाभकारी निवेश के तौर पर देखा जाने लगा है। डायमंड ज्वेलरी की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। हालांकि फिलहाल यह शुरुआती चरण में है, लेकिन युवा वर्ग के बीच इसका स्टाइल और पहचान के लिए आकर्षण बढ़ रहा है। इसे रोजमर्रा में पहनने के लिए हल्के और मॉडर्न डिज़ाइन में अधिक मांग दिखाई दे रही है। महंगे सोने ने ग्राहकों की प्राथमिकताओं को बदल दिया है। अब बाजार में बजट-अनुकूल विकल्प, स्टाइलिश डिज़ाइन और निवेश क्षमता तीनों का संतुलन देखने को मिलता है। ग्राहक केवल सोने को निवेश नहीं बल्कि रोजमर्रा में पहनने योग्य, हल्का और फैशनेबल विकल्प भी मान रहे हैं।



# इजरायल-अमेरिका का ईरान पर हमले से भारतीय बाजार में बढ़ा जोखिम

**- भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें**

**मुंबई ।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान के कई शहरों पर सैन्य हमला किया। तेहरान में तबाही के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इस अचानक हुए हमले के चलते वैश्विक बाजारों में घबराहट फैल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें हैं। मिडिल ईस्ट तनाव के चलते सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे तेल महंगा होगा। महंगा क्रूड आयात भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें उछाल सकती हैं। क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी से कई सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां जैसे आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल मार्जिन दबाव में आ सकते हैं। एयरलाइंस का ईंधन खर्च बढ़ेगा, जबकि पेंट कंपनियां जैसे एशियन पेंट और बर्गर पेंट कच्चे माल की महंगाई का सामना करेंगी। टायर कंपनियों को भी सिंथेटिक रबर महंगा होने से नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजार में वोलेटिलिटी बढ़ सकती है।



# मारुति की फरवरी में बिक्री बढ़कर 2,13,995 इकाई पर

**- पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे**

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी। दूसरी ओर ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 65,033 इकाई के मुकाबले बढ़कर 72,756 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री एक साल पहले के फरवरी के आंकड़े 2,710 इकाई से बढ़कर 3,130 इकाई रही।फरवरी, 2026 में कंपनी का कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने के 25,021 इकाई के मुकाबले 39,155 वाहन रहा।

# फरवरी में एमएंडएम की बिक्री 18 फीसदी बढ़कर 97,177 इकाई रही

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने रविवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 97,177 इकाई हो गई। एमएंडएम ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यूटिलिटी वाहनों (यूवी) की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 60,018 इकाई रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 50,420 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 24,585 इकाई रही। इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन खंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कि फरवरी का प्रदर्शन पूरे पोर्टफोलियो में ग्राहकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। पिछले महीने कुल निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 3,384 इकाई रहा, जो फरवरी 2025 में 3,059 इकाई था।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में किया 22,615 करोड़ का निवेश

**- फरवरी में 17 महीने का उच्चतम निवेश, इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे**

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी 2026 में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये निवेश किए, जो 17 महीने का उच्चतम मासिक प्रवाह है। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे थे- नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी 2026 में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) रही, जो इतिहास के सबसे खराब वर्षों में से एक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में निवेश बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं- भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार करार से भरोसा बढ़ना, घरेलू शेयर बाजार का मूल्यांकन कम होना जिससे निवेशकों को सस्ती खरीदारी का अवसर मिला और तीसरी तिमाही में कंपनियों की कमाई 14.7 फीसदी बढ़ी जिससे एफपीआई का भरोसा मजबूत हुआ। एफपीआई ने फरवरी में वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान क्षेत्र में आक्रामक खरीदारी की, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। बाजार के जानकारों के मुताबिक आईटी क्षेत्र में कमजोरी और कृत्रिम मेध (एआई) से जुड़ी चिंताओं के कारण बिकवाली हुई, लेकिन वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान में वे शुद्ध खरीदार रहे।

# सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग**

**नई दिल्ली ।**

सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,430 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,475 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी**

**मुंबई ।**



पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

# अगले हफ्ते दो कंपनियों के निवेशकों की लगेगी लॉटरी

**- एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय की**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशखबरी है। 6 मार्च को दो प्रमुख कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर जारी करेंगी। ये कंपनियां हैं एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक। बोनस शेयर आम तौर पर निवेशकों को रिवॉर्ड देने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए जारी किए जाते हैं। दोनों कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय कर दी है। फाइनेंस सेक्टर की कंपनी एलकेपी फाइनेंस ने 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अगर निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 4 अतिरिक्त शेयर मुफ्त मिलेंगे। इस तरह कुल शेयरों की संख्या पांच हो जाएगी। यह कदम निवेशकों के लिए लंबे समय में लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने से भविष्य में मिलने वाले डिविडेंड का पैसा भी बढ़ता है। आईटी सेक्टर की सिल्वर टच ने भी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 1 और मुफ्त में मिलेगा। इसके लिए भी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च निर्धारित किया गया है।

# कोल इंडिया की इकाई छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

**- छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर कमाती हैं अपनी रोज़ी-रोटी**



**बिश्रामपुर ।** सूरजपुर जिले की 30 वर्षीय पूजा साहू अब अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। उन्हें लोग बोटिंग वाली दीदी कहते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और आर्थिक आजादी का एहसास कराती है। साहू कहती हैं, मुझे गर्व होता है कि अब मेरी अपनी पहचान है। लोग मुझे बोटिंग वाली दीदी कहते हैं और यह आजादी जैसा लगता है। साहू छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर अपनी रोज़ी-रोटी कमाती हैं। यह पार्क साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा खनन क्षेत्र को एडवेंचर हब में बदलकर विकसित किया गया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर क्षेत्र में बोटिंग, तैरता हुआ रेस्तरां और मछली पालन की सुविधाएं हैं। साहू शिव शक्ति महिला ग्राम संगठन की 12 महिलाओं में से एक हैं। वे रोज़ाना लगभग 200 रुपये कमाती हैं और अपनी पसंद का खाना व कपड़े खरीद सकती हैं। उनका संदेश है कि अपना घर छोड़ो और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनो। एसईसीएल के अनुसार यह पार्क यह दिखाता है कि खनन के बाद क्षेत्र को टिकाऊ जीवनयापन और रोज़गार के अवसरों में बदला जा सकता है।

